## *तहसील दिवस/समाधान दिवस पर सुनी गयी जनसमस्यायें*

आज दिनांक 06.10.2020 को तहसील दिवस/समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कुलपहाड में जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा तहसील दिवस/समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के निस्तारण को सुनिश्चित किया गया । जिन समस्याओं का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका उसके लिये सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



दिनांक- 06.10.2020

# MAHOBA POLICE

सोशल मीडिया सेल

## *थाना खन्ना पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों के धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.10.2020 को प्रभारी थाना खन्ना श्री बलदेव सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी जब थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 82/2020 धारा 363/366/376(3) भादवि व 4 पाक्सो एक्ट सें सम्बन्धित 01 नफर वांछित नामजद अभियुक्त करन पुत्र महेश्वरीदीन उम्र 22 वर्ष को बरभौली मोड के पास थाना खन्ना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को पेशी हेतु मां0 न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

करन पुत्र महेश्वरीदीन निवासी ग्राम भेडी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर उम्र 22 वर्ष।

**अभियोगः-** मु.अ.सं. 82/20 धारा 363/366/376(3) भादवि व 4 पाक्सो एक्ट।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री उ.नि. अम्बुज कुमार शर्मा थाना खन्ना जनपद महोबा।
2. का. ज्ञानेन्द्र कुमार थाना खन्ना जनपद महोबा।



# *चरखारी पुलिस ने 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वारण्टी/वांछित/शातिर अपराधियों के धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.10.2020 को प्रभारी निरीक्षक श्री विपिन त्रिवेदी थाना चरखारी द्वारा गठित पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी जब गठित टीम द्वारा थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0 70/12 सरकार बनाम राजाराम आदि धारा 188 भादवि थाना कुलपहाड से सम्बन्धित 04 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. सन्तोष पुत्र निरपाल उम्र 32 वर्ष 2. बृजेश पुत्र वीरसिंह उम्र 28 वर्ष 3. प्रदीप कुमार पुत्र डरुलाल उम्र 28 वर्ष 4. प्रदीप पुत्र साहब उम्र 36 वर्ष को ग्राम सबुआ थाना चरखारी से गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय कुलपहाड पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

उ0नि0 नत्थूलाल पाण्डेय मय हमराही का. सुशील कुमार सरोज व HG 355 संतोष कुमार थाना चरखारी जिला महोबा।

## गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरणः-

1. संतोष पुत्र निरपाल उम्र 32 वर्ष 2. बृजेश पुत्र वीरसिंह उम्र 28 वर्ष 3. प्रदीप कुमार पुत्र डरूलाल उम्र 28 वर्ष 4. प्रदीप पुत्र साहब उम्र 36 वर्ष निवासी गण ग्राम सबुआ थाना चरखारी जिला महोबा।



# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने किया अस्थाई जिला उप-कारागार का औचक निरीक्षण

आज दिनाँक 06.10.2020 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा अस्थाई उप-कारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बन्दियों के बैरिक/भोजन आदि व्यवस्थाओ को देखा गया तथा **कोविड-19** के मद्देनजर अस्थाई रुप से बनायी गयी जेल परिसर में विशेष साफ-सफाई रखने व मास्क का प्रयोग, सोशल डिस्टेन्सिंग आदि नियमो का पालन करने हेतु जेलर/सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान जेल के अन्दर कोई भी प्रतिबन्धित वस्तु न जाए, इसका पालन सुनिश्चित करने हेतु भी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।



# थाना कोतवाली नगर, थाना चरखारी व थाना श्रीनगर में आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठकः-

आज दिनांक 06.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0गौतम के कुशल पर्यवेक्षण पर जनपद के विभिन्न थानों में आगामी त्यौहार **"चेहल्लुम/दुर्गा पूजा"** के मद्देनजर पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अनिल कुमार, थाना चरखारी में प्रभारी निरीक्षक विपिन त्रिवेदी तथा थाना श्रीनगर में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिसमें विभिन्न समुदायों के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान त्यौहरों के मद्देनजर आपसी सौहार्द बनाये रखने के दृष्टिगत समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गयी जिससे उनको समय रहते दूर किया जा सके। इसके साथ ही उपस्थित सभी लोगों से वैश्विक महामारी **Covid-19** के प्रसार को रोकने के दृष्टिगत सभी से मास्क लगाने/लगातार हाथ धोने/सैनेटाइज करने की अपील की गयी, जिससे इसके प्रसार को रोंका जा सके।







# कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 5100/-रू0 का जुर्माना एवं यातायात नियमो के तहत किये गये ई-चालानः-

आज दिनाँक 06.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई । जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 57 व्यक्तियों से 5100/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर 30 **ई-चालान** किया गया।

जागरुकता अभियान के तहत लोगो को **नोवल कोरोना वायरस** के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए घरो में सुरक्षित रहने तथा **मास्क का शत-प्रतिशत प्रयोग करने व सोशल डिस्टेन्स (02 गज की दूरी)** बनाये रखने की अपील की गई, जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।





दिनांक- 06.10.2020

# MAHOBA POLICE

सोशल मीडिया सेल

## महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग व लोगो को कोविड-19 के प्रति किया गया जागरूक:-





आज दिनाँक **06.10.2020** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे पैदल गस्त के दौरान संदिग्धो/संवेदनशील/धार्मिक जगहो की चेकिंग एवं **कोविड-19** के मद्देनजर मास्क चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त करके मुख्य बाजार, बस-स्टैण्ड, धार्मिक स्थलो सहित होटल/ढाबो/ दुकानो की चेकिंग की गई । पैदल गस्त के दौरान लोगो को **कोविड-19** संक्रमण के बारे में जागरुक भी किया गया । लोगो से **मास्क लगाने व 02 गज की दूरी** बनाये रखने की अपील की गई ।



